OFFICE OF DISTRICT ELECTION OFFICER, FATEHABAD
कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, फतेहाबाद

क्रमांक निर्वाचन–2022/54 दिनांकः 17.01.22

सेवा में:–

सभी विभागाध्यक्ष,
जिला फतेहाबाद।

विषयः– **25 जनवरी 2022 को 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर शपथ दिलवाने बारे।**

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में जैसा कि आपको विदित है कि भारत निर्वाचन आयोग ने अपने स्थापना दिवस 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया हुआ है। प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मतदान केन्द्र स्तर से लेकर, ब्लॉक, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, जिला स्तर और राज्य स्तर पर मनाया जाता है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक को पंजीकृत करने निर्वाचक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता फैलाना है।

इसी उद्देश्य के साथ आपके विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पर्व में अहम भूमिका निभाने के लिए जागरूक करना है ताकि वह अपने आस–पड़ोस में जागरूकता फैला सकें, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकृत हो सकें।

इस पत्र के साथ आपको मतदाता शपथ भेजते हुए लिखा जाता है कि आप दिनांक 25/01/2022 को पूर्व दोपहर कोविड–19 संक्रमण के लिए जारी हिदायतों की पालना करते हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवाएं, तथा रिपोर्ट/फोटो इस कार्यालय के ई–मेल elt_ftb@yahoo.in पर भिजवाने का कष्ट करें।

यह आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित है।

सलंग्न/मतदाता शपथ

कृतेः उपायुक्त एंव जिला निर्वाचन अधिकारी,
फतेहाबाद।

कार्यालयः कमरा नं. 71, दूसरी मंजिल, लघु सचिवालय, फतेहाबाद – 125050 (भारत) दुरभाषः 01667–230146
E-Mail: elt_ftb@yahoo.in